# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमाकः SHIVIRA-MADHYA/SANSTHA/F1-A/MAHATMA GANDHI(ENGLISH)/2020-15658 दिनांकःयथा हस्ताक्षर

1. **संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)**
   **समस्त संभाग।**

2. **जिला शिक्षा अधिकारी**
   **मुख्यालय (माध्यमिक)**
   **समस्त जिले।**

विषयः— अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में दिनांक 30.06.2025 के जारी पदस्थापन आदेशों द्वारा चयनित कार्मिकों के कार्यग्रहण करने पर पहले से उस पद पर कार्यरत कार्मिक के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राजस्थान सिविल सेवा (अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्मिकों की नियुक्ति के लिए विशेष चयन और सेवा की विशेष शर्तें) नियम, 2023 के तहत विभागीय कार्मिकों के चयनोपरान्त पदस्थापन हेतु दिनांक 30.06.2025 को जारी हुए आदेशों की पालना में कार्यग्रहण करने वाले चयनित कार्मिकों को पदस्थापन हेतु आवंटित विद्यालय में शालादर्पण पर ऑनलाईन कार्यग्रहण करवाया जावे तथा उस पद पर पहले से यदि कोई अचयनित कार्मिक कार्यरत है, तो ऐसे कार्मिक अग्रिम आदेशों तक वर्तमान विद्यालय में ही ऑफलाईन उपस्थित रह कर अपनी सेवाऐं देते रहेंगें।

उक्तानुसार चयनित कार्मिकों के कार्यग्रहण के कारण इन पदों पर पूर्व से कार्यरत अधिशेष रहे कार्मिकों के पदस्थापन के संबंध में पृथक से आवश्यक निर्देश जारी किये जायेंगें।

**(सीताराम जाट)**
**आई.ए.एस.**
**निदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**राजस्थान बीकानेर एवं पदेन**
**अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ),समसा**

**प्रतिलिपिः—**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप—2)विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक (कार्मिक), कार्यालय हाजा।
5. अनुभाग अधिकारी—संस्थापन ए/बी/सी—1/सी—2/सी—3/सी—4/सी—5
6. स्टाफ ऑफिसर, निजी अनुभाग (निदेशक), कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा।
8. सहायक निदेशक, शालादर्पण अनुभाग, कार्यालय हाजा।

**निदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**राजस्थान बीकानेर एवं पदेन**
**अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ),समसा**

Signature Not Verified
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :01-07-2025 01:45:50